भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता (निगरानी एवं मूल्यांकन) (एनवीबीडीसीपी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम निदेशालय (एनवीबीडीसीपी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उद्देश्य

कार्यक्रम के सभी स्तरों पर निर्णय लेने हेतु जेई/एईएस के नियंत्रण की जांच और मूल्यांकन, कार्यक्रम निगरानी और सूचना प्रबंधन के राष्ट्रीय जेई/एईएस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाना।

दायित्व

एनवीबीडीसीपी /अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों और अन्य परामर्शदाताओं के साथ निकट सहयोग में कार्य करनाः

i. कार्यक्रम कार्यान्वयन के सभी तकनीकी घटकों में सहायता करना।

ii. उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में निगरानी एवं मूल्यांकन और यह सुनिश्चित करना कि विकेन्द्रीकृत तरीके से एक प्रभावी और सहभागी एम एंड ई प्रणाली स्थापित है।

iii. निगरानी में सहयोग करने के लिए सहयोगी पर्यवेक्षण हेतु साधनों को विकसित करना और उनका परीक्षण करना।

iv. नई एचएमआईएस के कार्यान्वयन में सहायता करना, समय–समय पर इसकी स्थिति की समीक्षा करना। कार्यक्रम का गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य और जिला जेई परामर्शदाताओं के साथ समन्वय करना।

v. कार्यक्रम कार्यान्वयन की निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए प्रारूप, लॉग फ्रेम, मैट्रिक्स तैयार करना, कार्यक्रम के लिए सूचक विकसित करना या उन्हें संशोधित करना।

vi. मध्यावधि मूल्यांकन के लिए पद्धति विकसित करने में सहायता करना और यह सुनिश्चित करना कि उन्हें अपनाया जाता है।

vii. निगरानी, जांच और मूल्यांकन के लिए रणनीति के विकास और कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र/एकीकृत रोग निगरानी परियोजना/भारतीय चिकित्सा अनुसंधान/अन्य संबंधित संस्थाओं या संगठनों के साथ संपर्क बनाए रखना।

viii. जेई/एईएस के प्रकोप से निपटने और तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों को बढ़ावा देना।

ix. जिलों से प्राप्त रिपोर्ट/डेटा का मासिक/वार्षिक आधार पर संकलन और विश्लेषण करना।

x. कुशल डेटा प्रबंधन प्रणाली का विकास करना और उसका कार्यान्वयन करना और इसे योजना और परियोजना के कार्यान्वयन में एकीकृत करना।

xi. राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण में आवश्यकतानुसार योगदान करना।

xii. निदेशक, एनवीबीडीसीपी द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

xiii. परामर्शदाता (निगरानी एवं मूल्यांकन), निदेशक एनवीबीडीसीपी के समक्ष एक मासिक और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इन गतिविधि रिपोर्टों के आधार पर कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा।

योग्यता और अनुभव
जन स्वास्थ्य में न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस./एम.एससी (कीट विज्ञान/जीवन विज्ञान) उपाधि।

वांछनीयः निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा/सामुदायिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन/सूक्ष्म जीव विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी)/बाल रोग विषयों में एमडी/एमपीएच/डीपीएच या सुसंगत विषयों में पीएच.डी.। राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में कार्य करने का अनुभव।

नियुक्ति की प्रकृति
आरंभ में नियुक्ति एक वर्ष के लिए संविदा आधार पर (संतोषजनक प्रदर्शन के अध्यधीन) होगी और कार्य–निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाई जा सकती है।

रिपोर्टिंग
निदेशक एनवीबीडीसीपी, परामर्शदाता के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु
35 वर्ष या उससे कम

अनिवार्यः बड़े पैमाने पर यात्रा करने का इच्छुक

पारिश्रमिक
75,000/– रुपए प्रति माह, 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ अधिकतम 1,00,000/– रुपए का प्रावधान के साथ प्रति माह बशर्ते समीक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट संतोषजनक हो। सरकार द्वारा अनुभव मूल्यांकन के आधार पर आरंभिक राशि नियत की जाएगी।

छुट्टी
10 दिनों की बीमारी छुट्टी प्रति वर्ष
20 दिनों की वार्षिक गैर–संचयी, गैर–नकदीकरणीय छुट्टी
मातृत्व अवकाशः 60 दिनों की आधा वेतन छुट्टी

यात्राः
सरकारी नियमानुसार यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता

निकासी
कोई भी पक्ष, किसी भी समय लिखित रूप में एक महीने की नोटिस देकर अनुबंध समाप्त कर सकते हैं।

चयन
राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), एनवीबीडीसीपी की वेबसाइटों में विज्ञापन प्रकाशित कर सरकार की मौजूदा नीतियों के अनुरूप एनएचएसआरसी के माध्यम चयन/नियुक्ति की जाएगी।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **13-Sep-2016** को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।